तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

08 प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा पर...



08 जलेबी दौड़ से हुई क्रीड़ा स्पर्धा का आगाज





## खबर संक्षेप

### आज हरदीभाठा में संकल्प यात्रा

**मैनपुर।** केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा में आज शुक्रवार 22 दिसम्बर को शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है, इस शिविर में केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जायेगा, साथ ही रथ भी मैनपुर पहुंच चूकी है।

### जिड़ार मड़ई कल

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के प्रथम मड़ाई मेला का आयोजन ग्राम पंचायत जिड़ार में 23 दिसंबर को आयोजित किया गया है। मैनपुर क्षेत्र का यह प्रथम मड़ाई है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मड़ाई मेला में क्षेत्रभर के देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना किया जायेगा। ग्राम जिड़ार के वरिष्ठ नागरिक सुन्दर कपिल, जागेश्वर कपिल, सरपंच श्रीमती दुलेश्वरी नागेश ने सभी क्षेत्रवासियों से मड़ाई मेला मे शामिल होने की अपील की है।

### क्रिसमस की तैयारियों में जुटा ईसाई समुदाय

**मैनपुर।** क्रिसमस का पर्व 25 दिसंबर को उमंग और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिसमें क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समाज के लोगों द्वारा अपने घरो और चर्च में व्यापक तैयार किया जा रहा है। घरो का सजावट, रंग रोगन, क्रिसमस ट्री लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। क्रिसमस पर्व के चलते मसीह समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

### मोटरपंप और केबल चोर गिरोह सक्रिय

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में धान कटाई कार्य संमाप्त होने के बाद अब खेतो में सन्नाटा पसर गया है। जिसके कारण मोटरपंप और केबल चोर गिरोह सक्रिय हो गए हैं। आये दिनों खेतों से किसानों के मोटरपंप और केबल चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। जिसकी लगातार शिकायत पिछले कुछ वर्षों से मैनपुर थाना में किसानों के द्वारा किया जा रहा है।

### सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समाज सुधारक और प्रसिध्द साहित्यकार पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर गुरूवार को शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे श्रध्दांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव ने कहा पंडित सुन्दर लाल शर्मा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। जिन्होने देश की आजादी मे अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्हे छत्तीसगढ़ का गांधी कहा जाता है। उन्होने कहा शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक महामंत्री गैन्दू यादव, इम्तीयाज मेमन, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, सौरभ पटेल, डोमार साहू, खेलन साहू, रूपेन्द्र सोम, त्रिभुवन पटेल, नंदकिशोर पटेल, दयाराम यादव, शांतूराम आदि लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में दो युवक घायल

**मैनपुर।** मैनपुर- कुल्हाड़ीघाट मार्ग में बीती रात मोटरसायकल में तीन लोग सवार होकर मैनपुर की तरफ आ रहे थे कि मैनपुर से 6 किमी दूर चिहरापारा मोड़ के पास तेज रफ्तार मोटरसायकल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढें में घुस गया। जिससे मोटरसायकल में सवार दो लोग घायल हो गये एक के सिर मे गंभीर चोटे आई है और दूसरे के चेहरे मे चोट लगी है। जिन्हे संजीवनी 108 एक्सप्रेस के माध्यम से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# वनांचल में पारा पहुंचा 7 डिग्री पर, पड़ने लगी हाड़ कंपाने वाली ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र कड़ाके की ठंड के चपेट में है यहां पारा 07 डिग्री तक पहुंच गया है। ठंडी हवा से लोग दिनभर धूप में रहना पसंद कर रहे हैं। गरियाबंद जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र घने साल के जंगल से घिरा क्षेत्र है और साल के जंगल क्षेत्र मे अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा ठंड ज्यादा पड़ती है। जिसका असर मैनपुर क्षेत्र में पिछले तीन– चार दिनों से देखने को मिल रहा है कड़ाके की ठंड के चलते जल जीवन पूरी तरीके से अस्त - व्यस्त हो चूका है। न्युनतम तापमान में गिरावट हो रही है जिसके चलते दिन में भी लोगों को ठंड के असर का सामना करना पड़ रहा है। उत्तरी क्षेत्र से ठंडी ▶▶|शेष पेज 8 पर

## छत्तीसगढ़ के कश्मीर के नाम से मशहूर ओड़ आमामोरा में ओस की बूंदे जमने लगी

### जमने लगी ओस की बूंदें

छत्तीसगढ़ के कश्मीर के नाम से मशहूर मैनपुर क्षेत्र के ओड़ आमामोरा पहाड़ी में बर्फीली ठंडी हवा और घने जंगल के कारण अत्यधिक ठंड महसूस की जा रही है मध्य रात्रि ओस की बूंदे गिरना शुरू हो जाती है। सुबह यही ओस की बूंदे न्युनतम 05 डिग्री तक पहुंच जाती है यहां दिनचर्या पूरी तरह लोगो की बदल गई है वहीं बड़ी संख्या मे यहां ठंड का आनंद लेने शहरों से पर्यटक लगातार पहुंच रहे हैं। गरियाबंद जिले मे सर्वाधिक ठंड वाला क्षेत्र ओड़ आमामोरा ताराझर, मटाल क्षेत्र में पड़ता है और यहां ठंड की भारी असर देखने को मिल रहा है खेत खलिहान और सब्जियों के पौधो के पत्तों मे सुबह ओस की बूंद जमी नजर आ रही है।







### ठंड की सेहत पर पड़ रहा है विपरित असर

वनांचल मैनपुर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के कारण इसका विपरित असर छोटे- छोटे बच्चों और उम्रदराज बुजुर्गों के सेहत पर असर पड़ता दिख रहा है। सर्दी खांसी बुखार और वायरल फिवर के मरीजों की संख्या लगातार बड़ रही है। बुजुर्ग और बच्चे ज्यादा वायरल फिवर के शिकार हो रहे हैं। तो वहीं पेट में दर्ज के साथ दस्त रोगीयों की संख्या भी बड़ गई है। मैनपुर चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने लोगों से अपील किया है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है। घर से मोटरसायकल में सफर करने से पहले पूरी तरह गर्म कपड़े पहन कर निकले और ताजा गर्म भोजन करे साथ ही कुनकुना गर्म पानी पीने की सलाह दी है।

## कार्रवाई की तैयारी : वन विभाग ने 30 लोगों को दिया नोटिस


# टाइगर रिजर्व के अतिक्रमण पर फिर चलेगा बुलडोजर, बेदखली की कार्रवाई होगी तीन को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि लगातार

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों पर एक और बड़ी बेदखली की कार्रवाई की तैयारी किया जा रहा है,उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बफर जोन में आने वाले तौरेंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम टांगरान जंगल में 30 अतिक्रमणकारियों को बेदखली करने की कार्रवाई 3 जनवरी को किया जाना है। इसमें 25 ओडिशा नवरंगपुर जिले के रहवासी हैं। इनके खिलाफ जून में ही नोटिस जारी किया गया था। आरोपी कार्रवाई को अवैध बताते हुए न्यायालय के शरण तक भी गए। न्यायालय के निर्देश के बाद विभाग के आला अफसरों ने सुनवाई किया। चार माह की सुनवाई के बाद अभ्यारण्य प्रशासन ने कार्रवाई को जायज बताया गया। 13 दिसंबर को विभाग के उपसचिव द्वारा कार्रवाई को यथावत रखने के निर्देश ▶▶|शेष पेज 8 पर








### वैधानिक कब्जे का दावा निकला झूठा

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व प्रशासन की कार्रवाई को आरोपियों ने चुनौती देने अपने कब्जा को वैध बताया था। अपने दावा में 2005 से पहले काबिज और फर्जी तरीके से पाए गए वन अधिकार पट्टे का हवाला दिया था। सुनवाई के दौरान विभाग ने इसरो द्वारा जारी उस सेटलाइट इमेजरी को पेश किया जिसमें काबिज वाले स्थानों पर 2008 से लेकर 2011 तक जंगल नजर आ रहे थे। विभाग ने 2015 के बाद किए गए उस कार्रवाई का भी हवाला दिया जिसमें ताजा अतिक्रमण का सबूत मिटाने आरोपियों ने 265 पेड़ और 105 ठूठ को जलाने का प्रयास किया था।

### ओडिशा प्रदेश के लोगों ने टाईगर रिजर्व में किया है अवैध कब्जा

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में एक गिरोह के रूप में कार्य करते हुए आज से कुछ वर्ष पहले ओडिसा प्रदेश के लोगों ने क्षेत्र के लोगों को बहला फुसलाकर क्षेत्र के जंगल में अवैध कब्जा करना प्रारंभ किया। और धीरे-धीरे उदंती अभ्यारण्य जैसे घने जंगल के भीतर चाहे वह सोरनामाल हो या ईचरादी यहां सैकड़ों की संख्या में ओडिसा प्रदेश के लोगों ने पक्की मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिया साथ लगभग दो लाख बड़े- बड़े वृक्षों की आंधी धुन कटाई भी किया गया है, जिसके चलते उदंती जैसे घने जंगल का अस्तिव संकट में आ गया है, और तो और जब इन लोगों के ऊपर वन विभाग ने कार्यवाही करना प्रारंभ किया तो बकायदा रणनीति के तहत अवैध कब्जाधारियों ने मामले को तोड़ मरोड़ के वनमंत्री तक पहुंचकर शिकायत किये, लेकिन वन विभाग ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए घने जंगल उदंती अभ्यारण्य से अवैध अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त किया है, साथ ही अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद वहां फिर से वहां पेड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है।

# डायवर्सन बनाकर देवभोग, मैनपुर के सूखे जलाशय में भरा जाए पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने धारा 377 के तहत लोकसभा में एक बार फिर देवभोग, मैनपुर की समस्याओं को रखते हुए बात रखी। उन्होंने कहा कि उदंती नदी पर डायवर्सन बनाकर उनमें बहने वाले पानी को देवभोग, मैनपुर के सूखे जलाशय में भरा जाए। जिससे स्थानीय जीव जंतुओं को गर्मी के दिन में पानी के लिए भटकना न पड़े और निस्तार के जल स्तर भी बढेगा, उन्होंने आगे कहा छग के गरियाबंद जिला में विलुप्त हो रहे वन्य प्राणियों की संरक्षण हेतु उदंती नदी के पानी को डायवर्सन करके मैनपुर, देवभोग विकास खण्ड के अंतर्गत गर्मी के दिनों में सूख जाने वाली जलाशयों मे पहुंचाना अति आवश्यक है। वन विभाग द्वारा गर्मी के दिनों में वन्य प्राणियों को पीने की पानी उपलब्ध कराने हेतु उक्त उदंती नदी मे छोटे-छोटे गडढे खोदे जाते है। जिसे स्थानीय बोली में झरिया कहा जाता है। उक्त झरिया मे शिकारियों द्वारा वन्य जीवों के शिकार हेतु जहरीले पदार्थ मिला दिया जाता है और उस जहरीले पानी के पीने से अनेकों वन्य प्राणियों जैसे वन भैंसा, तेंदुआ, मोर आदि की मौत हो जाती है। अतएव उक्त नदी से डायवर्सन के माध्यम से सूखे जलाशयों को भरा जावे, ताकि वन्य प्राणी को स्वच्छ पानी पीने हेतु मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके। अतः सदन के माध्यम से सरकार से गुजारिश है, कि उक्त गंभीर विषय को संज्ञान में लेकर समस्या के समाधान हेतु शीघ्र विभाग को निर्देशित करने की महान कृपा की जावे। ज्ञात होगी महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू द्वारा प्रत्येक सत्र में 377 के तहत क्षेत्र के स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई सहित विभिन्न मुद्दों को लगातार रखा जा रहा है जिससे क्षेत्र की समस्या, मांगे लगातार लोकसभा में उठ रही है और लगातार उन मुद्दों पर क्रियान्वयन भी हो रहा है। जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। उनके द्वारा अभी इसी सत्र में देवभोग को उड़ीसा रेल लाइन से और राजिम के रेल लाइन को गरियाबंद तक बढ़ाने की मांग भी सदन में रखा है।



■ सांसद चुन्नीलाल साहू ने लोकसभा में रखी बात

# आज निकलेगी विशाल कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर में 10 साल के कथाकार बालयोगी कृष्णा महाराज की शिवकथा को लेकर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे विशाल कलश शोभायात्रा निकलेगी। बाल व्यासजी का शहर आगमन हो चुका है। शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री सालासर सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति तथा नगरवासियों के सहयोग से होने जा रहा है। संस्थापक राजू काबरा,अध्यक्ष धरम साहू ने बताया कि आज विशाल कलश शोभा यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से निकलकर गंज रोड होते हुए सदर रोड से वापस राधाकृष्ण मंदिर पहुंचेगी। इस कलश यात्रा में हजारों महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण करके चलेगी। भक्तगण झंडे लेकर चलेंगे। पहली बार कलश यात्रा में शिव भक्त सैंकड़ों कांवरिये त्रिवेणी संगम से कांवर लेकर जल भरकर आगे-आगे नाचते ,गाते इस यात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। साथ ही शिव की सवारी नंदी भी अपने भोले की बारात में शामिल होंगे। शिव पार्वती भी रथ में सवार रहेंगे। हनुमान जी भी मौजूद रहेंगे। राउत नाचा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। नगरवासियों द्वारा पूरे मार्ग में पीने के लिए जल की व्यवस्था के साथ-साथ इनका हर जगह सम्मान किया जाएगा। हरिहर स्कूल के सामने वहां के शिक्षक एवं छात्र पुष्प वर्षा करेंगे। राधाकृष्ण मंदिर के मुख्य द्वार पर मंदिर के सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल,गोपाल अग्रवाल,गिरधारी अग्रवाल एवं ट्रस्टी गण स्वागत करेंगे। आयोजन को सफल बनाने दोनों समिति के पवन यदु,मोहन ,सुमित पंजवानी,नंदकिशोर राठी , ओ म प्र का श रूपेंद्र,नेमी,गुलाब,भूपेंद्र,पप्पू,दिनेश यादव धनराज,खिलेश राजकुमार,चालीसा समिति की अध्यक्ष तारणी शर्मा,आरती काबरा,कविता इसरानी,,भारती, डॉ ली , पिंकीं,तुलसी,मोहिनी,ईशा,लक्ष्मी चं च ल , त नि सा मुस्कान,वासनी,छाया, भुवनेश्वरी ,डिगेश्वरी ,गीता,रिया ,हेमपुष्पा,रेखा,गीता निषाद लगे हुए है।

### कथा का समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे

शिव कथा का आयोजन 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चलेगा। इस आयोजन में महाराष्ट्र अकोला के रहने वाले 10 साल के कथाकार कृष्णा दुबे कथा सुनाएंगे। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक है।

# नवापारा, परसवानी मगरलोड मार्ग निर्माण कार्य से सोमवारी बाजार के लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा से परसवानी मगरलोड मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और लापरवाही बरती जा रही है। वहीं सड़क निर्माण में उपयोग किया जा रहे मटेरियल के गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार नवापारा से परसवानी मगरलोड तक 66.72 किमी का सड़क उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के ग्राम सड़क परियोजना निर्माण कार्य को मोंटेकारलो लिमिटेड गुजरात के ठेकेदार द्वारा द्वारा किया जा रहा है। निर्माण कार्य का कायार्देश 30 अगस्त 2019 को जारी किया गया है 2 साल में निर्माण कार्य पूरा करने की अवधि दी गई। समयावधि के अनुसार निर्माण कार्य अगस्त 2021 तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन साल 2024 लगने को है और निर्माण कार्य अधूरा है। शहर के सोमवारी बाजार क्षेत्र में निर्माण कार्य प्रगति पर है। यहां के स्थानीय निवासियों ने सड़क निर्माण से होने वाली परेशानियो को बताया कि सड़क किनारे बस्तियां है, लेकिन बस्तियो तक पहुंचने के लिए व्यवस्थित मार्ग नहीं है जिसके चलते आए दिन बाइक सवार या पैदल चलने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं। बताया कि ठेकेदार ने सड़क किनारे गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया है। जिससे धूल और डस्ट से परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता ▶▶|शेष पेज 8 पर



### इंजीनियर ने झाड़ा पल्ला

इस संबंध में इंजीनियर अरविंद परमार से निर्माण कार्य को लेकर जानकारी चाही गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। साथ ही स्थानीय निवासियों को लिए कोई भी सड़क मार्ग हमारे प्रोजेक्ट में नहीं होने की बात कही। इंजीनियर परमार ने स्पष्ट कहा कि इस संबंध में जो भी जानकारी चाहिए पीडब्ल्यूडी विभाग से ले सकते हैं। वहीं लाइजनिंग देख रहे दीपक सिंह ने फोन रिसीव नहीं किया।

## जिले के 4 ब्लॉकों के 250 गांवों की विशेष पिछड़ी जनजाति आबादी लक्षित

# विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को मिलेगा पक्का आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केंद्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्य भी लाभान्वित होंगे। योजना का उद्देश्य पीवीटीजी परिवारों तक बिजली, पानी, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है।

साथ ही उनके बस्तियों तक सड़क, दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थाई आजीविका के अवसर भी विकसित करना है। इसी तारतम्य में पीएम जनमन योजना अंतर्गत गरियाबंद जिले के 4 विकासखंडों के 250 गांव में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्य लक्षित किए गए है। लक्षित परिवारों को पक्के मकान का लाभ दिया जायेगा। हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए 3 किश्तों में राशि दिया जाएगा। योजना अंतर्गत 2 लाख रुपए आवास हेतु, शौचालय के लिए 12 हजार रुपए और मनरेगा से 90-95 मानव दिवस का भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार कुल 2 लाख 39 हजार रुपए इकाई लागत से प्रत्येक हितग्राही लाभान्वित होंगे। योजना अंतर्गत अभी तक आवास सुविधा से वंचित विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को लाभांवित किया जाएगा। पीवीटीजी हितग्राहियों को लाभ दिलाने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत सर्वे प्रारंभ हो चुका है। सर्वे कार्य 5 जनवरी तक पूर्ण किया जाना है।



फाईल फोटो

### जनजाति सदस्यों को मिलेगा सीधे लाभ

पीएम जनमन अभियान के तहत निर्धारित 11 बिंदुओं के प्रारूप के आधार पर जमीनी स्तर पर सर्वे कर विशेष पिछड़ी जनजातियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले पीवीटीजी के विकास के लिए सरकार की यह एक विशाल पहल है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) विशेष रूप से कमजोर ऐसे जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) का विकास करना है, जो विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की योजनाओं से छूट गए हैं। यह 9 प्रमुख मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित करता है। जनजातीय आवास पीएम जनमन के तहत ध्यान दिए जाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। जिससे दूरदराज के इलाकों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को सीधे लाभ मिलेगा।

### क्षेत्र के गांव-गांव में माटी जात्रा का आयोजन

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में इन दिनों गांव - गांव में माटी जात्रा कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है। धान कटाई और मिजाई के बाद परंपरा अनुसार माटी जांत्र पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पूरे ग्रामवासी एक जगह एकत्र होकर देवी- देवताओं की पूजा अर्चना करते है साथ ही गांव और क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि तथा खुशहाली के लिये प्रर्थाना करते हैं। मैनपुर, हरदीभाठा, भाठीगढ़, जाड़ापदर, जिडार, तुहामेटा, मैनपुर कला गौरघाट, गोपालपुर, देहारगुड़ा, दबनई, छिन्दौला एवं क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में विधिवत परंपरा अनुसार माटी जांत्र का पर्व मनाया गया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### उचित मूल्य की दुकान का लोकार्पण कल

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम पंचायत परसदाखुर्द में ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कराए गए उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम निर्माण परसदाखुर्द का लोकार्पण 23 दिसम्बर को सुबह 11:00 बजे विधायक रोहित साहू व चंदूलाल साहू द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया जाएगा। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में किसी भी विभाग से संबंधित आवेदन ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभाग को दिया जा सकता है।

### अनुपूरक बजट में ही खोला सौगातों का पिटारा

**राजिम।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद छग विधानसभा के



पटल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पेश किए गए 12992 करोड़ रुपए के अनुपूरक बजट पर भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अपने पहले ही बजट में छग की जनता के लिए सौगातों का पिटारा खोल दिया है। छग सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के पक्का मकान बनाने के लिए लगभग 3800 करोड़ रुपए, किसानों को दो साल के धान के बोनस के लिए 3800 रुपए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के मानदेय के लिए 40 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है। बेरोजगारी भत्ता के लिए 250 करोड़ रुपए, 5 हार्स पॉवर तक के कृषि पंपों के निःशुल्क बिजली के लिए 1123 करोड़ रुपए और महतारी वंदन के लिए 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### दो दिवसीय कुर्मी संझा कार्यक्रम कुरुद में 23 से

**गरियाबंद/ राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रादेशिक अधिवेशन एवं कुर्मी संझा का आयोजन 23 व 24 दिसंबर को कुरुद में होगा। प्रांतीय अधिवेशन के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष वी एस निरंजन होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता चंद्राकर एवं संरक्षक श्याम बैस मौजूद रहेंगे। 23 दिसम्बर के द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक होंगे तथा अध्यक्षता बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में अग्नि चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, कपिल कश्यप व पुष्पेंद्र चंद्राकर मौजूद रहेंगे। 24 दिसम्बर को कुर्मी संझा के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर करेंगे। 24 दिसंबर कुर्मी संझा के द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे तथा अध्यक्षता जांजगीर विधायक व्यास नारायण कश्यप करेंगे। इस सत्र के अतिविशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग एवं प्रदेशाध्यक्ष ,ममता चंद्राकर पूर्व विधायक पंडरिया, हेमा देशमुख महापौर राजनांदगांव,मनेन्द्रगढ़ की नगरपालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल,रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा तथा पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा मौजूद रहेंगी। ये जानकारी गरियाबंद जिला के अध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने दी।

### शिक्षक संघ ने संयुक्त संचालक को ज्ञापन सौंपा

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने बताया कि शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु रायपुर संभाग के संयुक्त संचालक डॉक्टर योगेश शिवहरे से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। समस्याओं में प्रमुख रूप से सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के समस्त राशियों का भुगतान तय समय में किए जाने हेतु समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

# दिगंबर जैन मंदिर स्थापना के 98 वर्ष पूरे, हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

## दिगंबर जैन समाज की यह धरोहर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक



दिगंबर जैन मंदिर में श्रीजी की स्थापना का 98 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। आज से 98 वर्ष पूर्व मन्गसर सुदी सप्तमी संवत 1980 को शुभ बेला में मंदिर में शांतिनाथ भगवान के पंचकल्याणक कराकर समाज के सदस्यों द्वारा श्रीजी को वैदिका पर विराजमान कराया गया था। 2 वर्ष बाद मंदिर जी के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे 98 वर्षों से मंदिर यथावत यथास्थान स्थित है किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। मंदिर की शिखर के सामने भारत माता की मूर्ति तिरंगा लिए हुए विराजमान है जो कि उस समय के श्रावक की देशभक्ति को दर्शाती है। अंग्रेजों के शासनकाल में निर्मित किसी भी जैन मंदिर में भारत माता की मूर्ति शायद ही कहीं होगी। नगर में दिगंबर जैन समाज की धरोहर यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। मंदिर का स्थापना दिवस समाज द्वारा विविध आयोजन कर उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रातः मंदिर में शांतिनाथ भगवान की पूजन अभिषेक किया गया। श्रीजी की प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य अध्यक्ष किशोर सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ। द्वितीय शांति धारा रजत कलश से राजेंद्र जैन एवं तृतीय शांति धारा रूपचंद आकाश विकास जैन परिवार को मिला। अभिषेक के पश्चात श्रीजी का पूजन हुआ। अभिषेक पूजन में किशोर सिंघई,अखिलेश जैन, आकाश जैन, रितेश जैन, प्रमोद जैन, रविंद्र सिंघई, रूपचंद जैन ने भाग लिया। बताया कि त्रिशला महिला मंडल द्वारा रात्रि में आरती भक्ति का कार्यक्रम रखा गया। त्रिशला महिला मंडल की अध्यक्ष कामिनी चौधरी, अनीता सिंघई, प्रेमा गंगवाल, समता सिंघई, बबीता चौधरी ने मंदिर की में णमोकार का पाठ रखा जिसके पुण्याजक आशा अंबर नीलू सिंघई रहे।

## धान खरीदी : किसानों ने सरकार को दिया धन्यवाद

# प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा पर अमल हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र में 21 किवंटल प्रति एकड़ खरीदने का घोषणा की थी, जिस पर अमल अब चालू हो गया है और इनका आदेश जिला सहकारी बैंक एवं क्षेत्र के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुंच गया है। किसानों ने क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू से मिलकर उन्हें बधाई दी।

जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक सोम ने बताया कि शासन से आदेश प्राप्त हो गया है कि धान खरीदी में प्रति एकड़ 21 किवंटल की खरीदी की जानी है। आदिम जाति सेवा समिति के प्रभारी रामकरण त्रिवेदी ने बताया कि 21 क्विंटल खरीदी का आदेश प्राप्त हुआ है।

साथ ही साथ शासन ने खरीदी पोर्टल में भी अपलोड कर दिया है। अब किसानों को 21 क्विंटल का टोकन मिलेगा। उन्होंने कहा कि 3 तारीख तक टोकन कट गया है। उसके पश्चात सीधा 21 किवंटल का टोकन कटेगा। कुछ टोकन ऑनलाइन हुआ कुछ टोकन मैन्युअल कटता है जिसमें संशोधन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समिति के सभी किसानों का ग्रुप बना है, जिससे उन्हें सूचित कर दिया गया है कि 21 क्विंटल की खरीदी चालू हो गई है। जिन किसानों ने पहले धान बेच लिया है, वे फिर बाकी टोकन कटा लें। साथ ही साथ 3100 प्रति क्विंटल एवं पिछला बोनस सहित के घोषणाप त्रपर भी अमल प्रारंभ हो गए हैं। इससे निश्चित रूप से किसानों के जीवन स्तर में वृद्धि होगी। क्षेत्र के किसान छत्तरसिंह ठाकुर, राजेश यादव, खेमलाल सिन्हा,याद राम साहू ने बताया कि घोषणा पत्र लागू होने से हर्ष है।

### पूर्व में बेच चुके किसान भी होंगे पात्र

रसेला। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देश के बाद अब किसानों से 21 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इस संबंध में सभी संभागायुक्तों व कलेक्टरों को आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले प्रति एकड़ 20 क्विटंल की दर से धान खरीदी की जा रही थी। 21 क्विंटल की पात्रता एक नवंबर से लागू होगी। हालांकि बीजेपी के घोषणा के मुताबिक अभी 3100 रुपये प्रति क्विटंल की दर से धान खरीदी से संबंधित आदेश अभी तक जारी नहीं हुआ है। खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने जारी आदेश में लिखा है कि ऐसे किसान जो अपना धान पूर्व में समर्थन मूल्य पर विक्रय कर चुके हैं, उन्हें भी 21 क्विटंल की पात्रता में धान बेचने की अनुमति होगी।

### धान के बोनस पर उच्च स्तरीय बैठक

सुशासन दिवस के मौके पर 20 दिसंबर को धान के बोनस व अन्य विषयों पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मंत्रालय के आला अधिकारियों के साथ ही वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संभागायुक्तों व कलेक्टरों को निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने कहा है कि धान बोनस वितरण का कार्यक्रम नई सरकार का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला अधिकारियों को पूरी सर्तकता, गंभीरता एवं तत्परता से कार्य किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए।

# व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों ने जानी बैंकिंग प्रणाली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडुका में व्यावसायिक शिक्षण के तहत औद्योगिक भ्रमण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पांडुका में व्यावसायिक ट्रेड के छात्र-छात्राओं को भ्रमण कराया गया।

जिसमें बैंक के शाखा प्रबंधक श्री मनोज जैन के द्वारा बैंक के विभिन्न गतिविधियों जैसे खाता खोलने की प्रक्रिया, ऋण के विभिन्न प्रकार, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, सिबिल रिपोर्ट आदि विषयों के संदर्भ में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को बैंक का व्यावहारिक कार्य प्रणाली की जानकारी के साथ ही वर्तमान में डिजिटल बैंकिंग कार्य प्रणाली से अवगत कराना था । इस भ्रमण में शाला के प्राचार्य श्री वाय आर साहू एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक श्री रवि शंकर साहू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। भ्रमण में सभी छात्र छात्राएं बहुत उत्साहित होकर भाग लिए। इस अवसर पर बैंक के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी मनीषा बाघमारे, कौशल यादव आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज ने ब्रम्हचर्य आश्रम के बच्चों के मंत्रोच्चारण के बीच पं. शर्मा की मनी जयंती



**राजिम।** ब्राह्मण समाज ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं छत्तीसगढ़ के गांधी के नाम से प्रसिद्ध विप्र शिरोमणि पंडित सुंदर लाल शर्मा की जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई। नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड स्थित चौक में पंडित शर्मा की प्रतिमा पर प्रातःकाल माल्यार्पण एवं स्वस्ति वाचन किया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा गायत्री शक्तिपीठ राजिम में एकत्र होकर सर्वप्रथम एक प्रार्थना सभा आयोजित की गई। संस्कृत विद्यापीठ के आचार्य एवं बटुकों द्वारा मंत्रोच्चार कर स्वस्ति वाचन किया गया। तत्पश्चात सामाजिक बंधु भगिनी, आचार्य एवं बटुक प्रभातफेरी के माध्यम से बस स्टैंड स्थित पंडित सुन्दर लाल शर्मा चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पाहार अर्पित किया। समाज के प्रति उनके योगदान एवं उनके अनुकरणीय प्रयास पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष शर्मा एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने किया।

**ये रहे मौजूद-** कार्यक्रम में सर्वप्रथम विप्र समाज के संरक्षक एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने माल्यार्पण किया। इसके उपरांत समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा,कृष्णगोपाल शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, महितोष शर्मा, सपन शर्मा, सुभाष शर्मा, राजेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, हेमंत शर्मा, बसंत शर्मा, चंद्रहास दुबे, भूपेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, अरविंद शर्मा, जय शर्मा, नूतन शर्मा सहित पंडित सुंदर लाल शर्मा के प्रपौत्र विकास शर्मा, प्रपौत्री पद्मा दुबे ,लता दुबे, मनीषा शर्मा, संध्या शर्मा तथा संस्कृत आश्रम के आचार्य द्वारा माल्यार्पण किया गया। पंडित शर्मा के प्रपौत्र विकास शर्मा द्वारा सामाजिकजनों एवं नन्हें बटुकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# जलेबी दौड़ से हुई क्रीड़ा स्पर्धा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर के नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज़ जलेबी दौड़ से किया गया। प्रबंध समिति संरक्षक सेनि व्याख्याता केआर सिन्हा, अध्यक्ष गैंदलाल ध्रुव द्वारा क्रीड़ा ध्वज उत्तोलन कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने मां भारती की स्तुति कर मशाल प्रज्वलित किया। सभी को खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। चिरपरिचित अंदाज़ में महोत्सव को संबोधित करते हुए केआर सिन्हा ने कहा कि खेल, विद्यार्थी जीवन का अहम हिस्सा है।बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल का बड़ा योगदान होता है। खेल की निरंतरता से हम स्वस्थ जीवन को भी प्राप्त करते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में गैदलाल ध्रुव ने कहा कि हमे हर खेल का लुत्फ उठाना चाहिए। शासन भी खेलो इंडिया, छत्तीसगढिया ओलम्पिक आदि द्वारा खेल को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। स्पर्धा की शुरुआत जलेबी रेस से हुआ। नर्सरी से यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ खेल का आनन्द लिया। संचालक ललित साहू, समन्वय समिति अध्यक्ष नीरज यदु, पालक समिति सदस्य श्रीमती युगेश्वरी, राम बाई सिन्हा, भारती निर्मलकर, प्राचार्य संतोष कुमार निषाद, शिक्षक अशोक साहू, कृष्णेश यादव, शिक्षिका शारदा सिन्हा, टिकेश्वरी साहू, मंजुलता साहू, कीर्ति पटेल, अर्चना साहू, देवबती निषाद माधुरी ठाकुर, पायल साहू, पायल सेवक, तरुण बंजारे, दशमत ठाकुर तल्लीनता के साथ सफ़ल आयोजन हेतु प्रयासरत हैं।

## लक्ष्मी पूजा कर निकाली कलश यात्रा



**मैनपुर।** ग्राम अमलीपदर में अगहन मास में बाजार चौक बस स्टेशन में मां लक्ष्मी एवं श्री लक्ष्मी पुराण पुजन का आयोजन किया गया। जिसमें गुरूवार को सार्वजनिक लक्ष्मी समिति द्वारा कलश यात्र निकाली गई। आचार्य पं युवराज पांडेय द्वारा ग्राम अमलीपदर के देवी देवता के पुजन कर गांव में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के समस्त ग्रामवासी उपस्थित हुए और कलश यात्रा के पश्चात मां लक्ष्मी एवं श्री लक्ष्मी पुराण की वेदमंत्रो के द्वारा पुजा अर्चना कर आवाहन किया गया और महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में बाजार चौक सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति सहित ग्राम अमलीपदर वासी उपस्थित हुए।

## पाटसिवनी में निरीक्षण करने दिल्ली से पहुंचे अधिकारी

**मुड़ागांव (कोरासी)।** नई चेतना जेंडर अभियान 2.0 अंतर्गत संचालित गतिविधि के मूल्यांकन हेतु चलाई जा रही योजना का निरीक्षण करने ग्राम संगठन प्रतिभा पाटसिवनी में दिल्ली से एवं राज्य कार्यालय से अधिकारी पहुंचे। इस योजना में मुख्य रूप से लिंग आधारित हिंसा, नशा मुक्ति, जागरूकता रैली, दीवार लेखन, किशोरी ग्रुप के साथ बैठक कम्युनिटी लीडर एवं पंचायत सदस्यों के साथ बैठक रखा गया। जिसमें उपस्थित दिल्ली से सुरभि जैन, राज्य कार्यालय से जॉन सर, जिला से श्री आशीष सर, श्री पतंजल मिश्रा, सुभाष निर्मलकर, घनश्याम सिंह, हरिश्चंद्र(सचिव), ओम प्रकाश साहू (उपसरपंच), हुलसी ध्रुव (सीआईएफ अध्यक्ष ), देसरी दीवान (पीआरपी), पुष्प लता ध्रुव कमेटी मेंबर, किरण बघेल, खेमा ध्रुव,पार्वती, चुमेश्वरी,रामेश्वरी ध्रुव एवं ग्राम संगठन प्रतिभा के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# शाकंभरी सेवा संस्थान ने कमार आदिवासियों को बांटे गर्म कपड़े

**मुड़ागांव (कोरासी)।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरगांव के कटेलपारा जहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवासरत है। वहीं एक गरीब परिवार जहां अमरोतीन बाई कमार 83 वर्षीय बुजुर्ग माताजी एवं उनके दिव्यांग बेटे की काफी हालत खराब के चलते गर्म कपड़े भी नहीं ले पा रहे थे। जिनकी जानकारी होते ही गर्म कपड़े लेकर एक असहाय परिवार की ठंड को दूर करने छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान ने मदद का हाथ बढ़ाया। साथ ही जरूरतमंद लोगों की मदद करने संस्था



द्वारा लोगों को आगे आने अपील भी किया गया।

# सभी ग्रामवासी अपने घरों में जलाएं दीपक : पं. ऋषिकेश



**कोपरा।** समीपस्थ ग्राम रवेली में ग्रामवासियों के द्वारा शीतला माता मंदिर के समीप पं ऋषिकेश तिवारी के श्रीमुख से श्रीमदभागवत कथा का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान भागवत कथा का रसपान करने क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू पहुंचे।

इस दौरान पं ऋषिकेश तिवारी ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया गया। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने अयोध्या से पहुंचे पूजीत अक्षत कलश के बारे में वर्णन से बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम जी के जन्मस्थली अयोध्या में श्रीराम जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है जिसका उद्घाटन 22 जनवरी को किया जायेगा। उस दिन सभी ग्रामवासी अपने घरों में दीपक जलाएं तथा मुख्य चौक में एकत्र होकर सामूहिक आरती का आयोजन करें यह हमारे सनातन संस्कृति की पुनरस्थापना का पर्व होगा। 500 सालों की प्रतीक्षा के बाद हम सबको यह सुंदर और भव्य मंदिर निर्माण देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, सरपंच लालजी साहू, लोमश यादव, निरंजन साहू, कोपेश्वर बिसेन, लखन यादव, कमलनारायण साहू, डाहरू साहू आदि उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष ...

### वनांचल में पारा पहुंचा...

एवं शुष्क हवाओं के चलने के कारण तापमान में गिरावट हो रही है। बर्फीली ठंडी हवाओं के कारण ग्रामीण सूर्य निकलने के बाद से धूप तापते नजर आते हैं। दिनभर धूप सुहानी लग रही है। भारी ठंड के कारण लोगों के दिनचर्या में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिल रहा है। लोग सुबह जल्दी घर से नहीं निकल रहे हैं। बहुत जरूरी काम होने पर ही पूरी तरह साल, जैकेट, मफलर, गर्म कपड़ों के साथ सफर करते दिखाई दे रहे हैं। आने वाले दिनों में और भारी ठंड पड़ने की संभावना बतायी जा रही है।

**शाम चार बजते ही क्षेत्र के चौक चौराहों में अलाव जलना शुरू-** मैनपुर वनांचल क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के चलते मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में शाम चार बजते ही चौक चौराहों गली मोहल्लो में इन दिनों अलाव जलाकर लोग आग सेकते दिखाई दे रहे है यह सिलसिला रात तक चलता है तो वहीं दूरस्थ वनांचल ग्रामों में ग्रामीण आग अंगेठी जलाकर उसके गर्म ताव के नजदीक आसानी से सोते है और ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है शासन प्रशासन को चाहिए तहसील मुख्यालय स्तर के ग्रामों में कड़ाके की ठंड को देखते हुए पंचायत स्तर पर अलाव जलाने की व्यवस्था किया जाये क्योंकि बाहर से आये मुसाफिर कड़ाके की ठंड मे ठिठुरते नजर आ रहे है।

### टाइगर रिजर्व में हुए...

दिए गए हैं।

**अवैध अतिक्रमणकारियों ने वन अफसर के सरकारी वाहन में किया था तोड़फोड़-** जून महीने में वन अमला गरीबा से लगे ईचरादी में अवैध काबिज लोगों को बेदखल करने पहुंचा तो वहां के लोगों को टांगरान के अतिक्रमणकारियों ने भड़काकर वन अमले पर हमला करवाया था। इस हमले में कुछ कर्मी घायल हुए थे, यहां तक की अवैध अतिक्रमणकारियों ने उपनिदेशक की सरकारी वाहन में भी तोड़फोड़ किया था। सरकारी गाड़ी में भी टूट फूट हुई थी। आरोपियों का मकसद टांगरान पर होने वाली कार्रवाई को रोकना था। लेकिन उपनिदेशक वरुण जैन के ठोस इरादे के आगे इचरादी में विभाग पर भय बनाने की कोशिश नाकाम साबित हुई थी।

**टाईगर रिजर्व के जंगल में अब तक 6 सौ हेक्टयर हो चुका खाली-** ज्ञात हो कि कई राजनीतिक दबाव के बावजूद उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन बेदखली अभियान को जारी रखे हुए हैं. जनवरी में धमतरी के घोरा गांव को खाली कराने के बाद इंदागांव और तौरेंग रेंज में कार्रवाई जारी है। मई और जून महीने में सोरनामाल, गोहरामाल और इचरादी में 250 से ज्यादा अतिक्रमणकारियों को अभ्यारण्य के 600 हेक्टेयर जमीन से बेदखल किया। ये वन, पर्यावरण और वन्य प्राणियों के सुविधा के लिए कार्य किया जा रहा है।

### नवापारा, परसवानी...

का ध्यान नहीं रखा गया है। बेस तैयार करते समय प्रत्येक परत में पानी डालकर प्रेशर रोलर चलाना होता है। लेकिन इस सड़क निर्माण कार्य में न तो ठीक से पानी डाला गया और न ही रोलर चलाया गया है। जिसके कारण सड़क के गिट्टी, उड़ते धूल के गुब्बार से राहगीर व स्थानीय निवासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अफसर और ठेकेदार के मिलीभगत के चलते घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास बाबा की आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** पाटसिवनी में 22 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12 बजे गुरु घासीदास बाबा जी का शोभायात्रा निकाला जाएगा तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक अखाड़ा पंथी पार्टी पोढ़ तथा रात्रि कालीन कार्यक्रम नवरंग छत्तीसगढ़ी लोक कला नाच पार्टी माऊलीभाटा का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि श्रीमती केसरी नोहर ध्रुव (जिला पंचायत सदस्य जिला गरियाबंद ) अध्यक्षता श्रीमती तामेश्वरी चैंपेश्वर ध्रुव (सरपंच ग्राम पंचायत पाटसिवनी) विशिष्ट अतिथि श्री पन्नालाल ध्रुव (पूर्व सभापति जिला पंचायत गरियाबंद) विशेष अतिथि श्री रिखी राम यादव जी (जनपद सदस्य पाटसिवनी छुरा)श्री अमर सिंह जाट, लक्ष्मी दास सोनवानी, शिवनारायण खुठे,चैतू राम ध्रुव ओम प्रकाश साहू, श्रीमती हुलसी ध्रुव (अध्यक्ष क्लस्टर रानीपरतेवा) एवं समस्त पंचायत पदाधिकारी गण ग्राम पंचायत पाटसिवनी होंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा परसदाखुर्द में कल

**पाटसिवनी(पिपरहट्टा)।** ग्राम पंचायत परसदाखुर्द में 23 दिसंबर को समय 11:00 बजे से रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र व माननीय श्री चंदूलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। एवं ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कराए गए उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम निर्माण परसदाखुर्द का लोकार्पण विधायक द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया जाएगा। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में किसी भी विभाग से संबंधित आवेदन ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभाग को दिया जा सकता है।

### गौरघाट में बिगड़े हैण्डपंप को सुधारने की मांग

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 3 किमी दूर नेशनल हाईवे से लगा ग्राम गौरघाट में देहारगुडा जाने वाली मार्ग गौरघाट चौक में हैण्डपंप खराब हो गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने दो वर्ष पहले किया था तो पीएचई विभाग द्वारा इसे वन विभाग का बताया गया और वन विभाग द्वारा सुधार के नाम पर उसके हैण्डल और पाईप को निकालकर लाया गया है, लेकिन अब तक पिछले दो वर्षों में सुधार कार्य नहीं किया गया है। जबकि यह हैण्डपंप देहारगुड़ा मुख्य मार्ग में है इस मार्ग मे आने - जाने वाले लोगों को इस हैण्डपंप से पेयजल उपलब्ध होता था। ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन दिवान ने हैण्डपंप मरम्मत की मांग किया है।

**अभियान:** मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, दवाइयों का निःशुल्क वितरण

# केन्द्र शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामवासी, भूमि परीक्षण कर बनाया रहा स्वाइल हेल्थ कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- संयुक्त सचिव एवं जिला प्रभारी पंकज बोड़खे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम रजकट्टी पहुंचे
- मोबाइल वैन के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं के प्रति किया जागरूक

केंद्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन आज फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम रजकट्टी पहुंची। केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव एवं जिला प्रभारी पंकज बोड़खे ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें। उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा भी की। जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, एसडीएम धनंजय नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और जिला अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

जिला प्रभारी पंकज बोड़खे ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करना है। ग्रामीणजन यहां आकर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाती है। जनसमुदाय को विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ दिलाई। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। इस दौरान धरती कहे पुकार के अंतर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी।





### मुनगा एवं मीठा पत्ती का उपयोग करने से नहीं होती रक्त की कमी

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत हुनरमंद कारीगरों एवं शिल्पकारों को कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 2 लाख रूपए तक ऋण प्रदान किया जा रहा है। पारंपरिक 18 तरीके के व्यापार जिनमें बढ़ई, लोहार, कुम्हार, मूर्तिकार, दर्जी एवं अन्य परंपरागत व्यवसाय को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर एवं सियान जतन कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मुनगा एवं मीठा पत्ती का उपयोग करने पर रक्त की कमी नहीं होती। लीड बैंक के प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशु चिकित्सा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लीड बैंक के स्टॉल में मुद्रा लोन फार्म, एकाउंट भरने के लिए फार्म, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनांतर्गत हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया गया।

### विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

मोबादल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन हुआ। चलचित्र के माध्मय से विकसित भारत के उद्धेश्य की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ और ।

### अमृत पानी बनाने व उपयोग की जानकारी दी

किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक, संजीवक, नीमाशस्त्र, ब्रह्मास्त्र, नीम पेस्ट, अमृत पानी बनाने तथा उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ एवं रबी की जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में शेडनेट हाऊस, राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को बताया गया। पशु पालन विभाग के स्टॉल में कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुओं की देखरेख के लिए बताया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बड़ी संख्या में जनसामान्य ने पंजीयन कराया।

### लघु धान्य फसलों को दिया जा रहा बढ़ावा

कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं जानकारी प्रदान की गई। स्टॉल में ग्रामवासियों को मिनी लैब द्वारा मिट्टी परीक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि अम्लीय है अथवा क्षारीय जांच की जाती है। मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा का परीक्षण कर स्वाईल हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है, ताकि जमीन स्वस्थ रहे और जमीन की उर्वर क्षमता में वृद्धि हो। उन्होंने आत्मा योजना अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग एवं फसलों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लघु धान्य फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के संबंध में जानकारी दी।

## गरियाबंद जिले को पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान पर लाने करें कार्य





संयुक्त सचिव भारत सरकार एवं जिला प्रभारी विकसित भारत संकल्प योजना पंकज बोड़खे ने राजिम स्थित सर्किट हाउस में विकसित भारत संकल्प योजना के नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प योजना का लक्ष्य केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाना है। इन प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रमुख है। इन योजनाओं से जुड़े सभी पात्र हितग्राहियों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसके लिए अधिकारी योजना बनाकर और आपसी समन्वय से काम करें । विभागीय अधिकारी अपने कार्यक की रिपोर्टिंग पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करें। केन्द्र स्तर पर योजनाओं के संतृप्तीकरण के आधार पर जिलों को रैंकिंग दी जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि गरियाबंद जिला पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान पर आए। उन्होंने इस दौरान कहा कि भारत सरकार आगामी 25 वर्षों में विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ कर रही है।

इसी दिशा में अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगा। यात्रा के दौरान सिकलसेल एवं एनीमिया के मरीजों का स्क्रीनिंग करते हुए जल्द ही उपचार प्रबंधन पर ध्यान दें। अधिकारियों ने बताया कि विगत छः माह में जिले में लगभग 90 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड, आजीविका मेला के माध्यम से 17 करोड़ का ऋण एवं 45 हजार से अधिक का लोगों को घर पहुंच पेंशन का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव द्वारा भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की रूपरेखा, उसके क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के लिए दिवस प्रभारी व वेन प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिले में 2 प्रचार गाड़ी उपलब्ध थी। लेकिन आज प्रदेश से 3 गाड़ी और आ रही है। जिससे कार्यक्रमों के बेहतर संचालन में वृद्धि होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम धनंजय नेताम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी उरांव, उप संचालक कृषि चंदन राय, जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू, जनपद सीईओ पदमिनी हरदेल, अजय पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रजकट्टी व भेंड्री में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन



**गरियाबंद।** विकासखण्ड फिगेंश्वर के ग्राम रजकट्टी एवं भेण्ड्री में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के माध्यम से कृषकों से सहमति प्राप्त कर ग्राम रजकट्टी के कृषक ईश्वर साहू के 4 एकड़ में लगाई गई बरबट्टी, खीरा फसल तथा ग्राम भेण्ड्री के कृषक नेमीचंद साहू के 1 एकड़ की गेहूं फसल मे ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

नेशनल फर्टिलाईजर लिमिटेड ने राज्य शासन द्वारा जिले मे एक ड्रोन आवंटित किया है, जिसका प्रदर्शन विकासखंडों में किया जाएगा। उप संचालक कृषि चंदन कुमार राय ने बताया कि ड्रोन से नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी., सुक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशक आदि का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक सुरक्षित है। यह हवा में प्रदूषण को कम करता है। साथ ही मृदा एवं पर्यावरण के लिए सुरक्षित है। इससे फसलों की वृद्धि और पैदावार में सुधार होने के साथ-साथ समय की बचत व लागत कम लगती है। इस दौरान केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव पंकज बोड़खे भी मौजूद थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मधुबाला रात्रे, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जनप्रतिनिधि राजू साहू, भागवत हरित, मनीष हरित, मिंजुम साहू, कुंजबिहारी साहू, उप संचालक कृषि चंदन रॉय, वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. मनीष चौरसिया सहायक संचालक कृषि महेश पैकरा, रमेश निषाद, श्रीमती सीमा करचाम, एनएफएल के प्रतिनिधि राव, कृषक ईश्वर साहू, नेमीचंद साहू सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## अतिथियों ने स्टाल का किया निरीक्षण




**मुड़ागांव(कोरासी)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गरियाबंद जिलांतर्गत छुरा ब्लॉक के नवापारा भ और पाटसिवनी में आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,जनपद अध्यक्ष तोकेशवरी मांझी,वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित,भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पूरे प्रदेश में चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में चलाई गई इस गाड़ी के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो भी गारंटी दी उसे जमीनी स्तर पर उतारा है। पीएम मोदी द्वारा शुरू की गईं योजनाओं को उन्होंने गांव के हर व्यक्ति तक पहुंचाया है। इस दौरान अतिथियों ने सभी सरकारी स्टालों का निरिक्षण भी किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ प्यारेलाल सोनकर,मिंजून साहू, प्रकाश सिन्हा, मंजू हरित,सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

## विधायक रोहित साहू को तौला गया श्रीफल से



**छुरा।** राजिम विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल कर विधानसभा के क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने नवनिर्वाचित विधायक छुरा नगर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सासंद चुन्नीलाल साहू भी साथ पहुंचे। छुरा बस स्टैंड के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के प्रथम नगर आगमन पर आतिशबाजी के साथ जबरदस्त स्वागत किया, जिसके बाद विधायक रोहित साहू कार्यकर्ताओं के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए पैदल बजरंग चौक पहुंचे, जहां बजरंग चौक पर विधायक और सांसद ने बजरंग मंदिर मे पूजा अर्चना किया। जिसके बाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा विधायक रोहित साहू को श्रीफल से तौला कर अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा बधाई दिया गया। जिसमें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेश सदस्य इमरान अली, भाजपा अल्पसंख्यक जिला महामंत्री इमरान मेमन, जिला कार्यकारिणी इस्माइल खान, जाकिर हुसैन, सरवर खान, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अजमेर खान, मण्डल महामंत्री कादर खान, मोहसिन खान एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ओंढ आमामोरा पहाड़ी गांव के आसपास मनोरम दृश्य और प्राकृतिक सुंदरता लोगों को लुभा रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

दिसम्बर माह के अंतिम पखवाडे में जंहा एक ओर लगातार तापमान में गिरावट के कारण कपकपाने वाली ठंड से क्षेत्र के लोगों को जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं तहसील मुख्यालय मैनपुर से 40 किलोमीटर दुर दुर्गम पहाड़ी के ऊपर बसे ग्राम आमामोरा और ओंढ जो कई पहाडियों के उपर बसा है। यहां इस ठंड के मौसम में जंगल काफी घना और घनघोर के साथ यहां के प्राकृतिक सुंदरता खिल उठा है। लगातार पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं और प्राकृतिक सुंदरता का आंनद ले रहे हैं।

## अनुपूरक बजट पीएम मोदी की गारंटी को धरातल पर उकेरने वाला



**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू ने छग की नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी की सरकार की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए अनुपूरक बजट की सराहना करते हुए इसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को धरातल पर उकेरने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने अपने पहले ही बजट में छग प्रदेश के सर्वहारा वर्ग के विकास की नींव रखी है। युवा, महिला, गरीब, बेरोजगार सबके लिए इस बजट में प्रावधान किया गया है जिससे छग प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। छग सरकार ने प्रदेश में 12992 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया है जिसमें धान के दो साल के बकाया बोनस राशि हेतु 3800 करोड़ रुपए, गरीबों के पक्के आवास के लिए 3799 करोड़ रुपए,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के मानदेय के लिए 40 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है। बेरोजगारी भत्ता के लिए 250 करोड़ रुपए, 5 हार्स पॉवर तक के कृषि पंपों के निःशुल्क बिजली के लिए 1123 करोड़ रुपए और महतारी वंदन के लिए 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सच्चे अर्थों में कहें तो प्रदेश सरकार का यह बजट छग की जनता के लिए कल्याणकारी बजट है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अभाविप ने मनाई गुरु घासीदास की जयंती



**मैनपुर ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आज शासकीय महाविद्यालय देवभोग में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेकानंद यादव, नगर मंत्री मुकेश नायक सह मंत्री अभिषेक यादव एवं तेजस बीसी महाविद्यालय प्रमुख दुर्बल नागेश सह प्रमुख टंकेश्वर नागेश एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री यादव ने बताया कि बाबा के कहे वचन 'मनखे मनखे एक समान को आत्मसात कर हमें समाज में एकता का संदेश देते हुए जातिगत दुर्भावना को मिटा करके भाईचारा के साथ रहना चाहिए। नशे जैसे दुर्व्यसन से दूर रहना चाहिए।

### छुरा में शौचायलयों की ग्रेडिंग की जा रही



**छुरा।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ शौचालय कैंपेन अंतर्गत नगर पंचायत छुरा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम के नेतृत्व में निकाय के सभी शौचायलयों का ग्रेडिंग किया जा रहा है। नोडल अधिकारी श्यामसुंदर पटनायक ने बताया कि कैंपेन के तहत एनयुएलएम के स्व सहायता समूह के माध्यम से शासन द्वारा तय किए गए। मापदंडों के आधार पर यह ग्रेडिंग निकाय के समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचायलयों के साथ ही शहर के सभी पेट्रोल पंप के शौचालय की भी ग्रेडिंग की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शेखर दुबे ने कैंपेन के बारे में बताया कि यह कैंपेन विश्व शौचालय दिवस से लेकर 25 दिसंबर तक चलाया जा रहा है, इसमें सभी शौचायलयों की बुनियादी सुविधाओं पर अधिक बल देते हुए उपयोगिता, पहुंच योग्य, सफाई, पर्यावरण अनुकूल एवं सुरक्षा जैसे 5 मापदंडों पर ग्रेडिंग की जा रही है। विदित हो कि यह निरीक्षण एनयुएलएम के सीओ नीलिमा यादव के सहयोग से विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

### रानीपरतेवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में बुधवार को विकसित भारत संकल्प शिविर का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती केशरी नोहर ध्रुव, अध्यक्षता श्रीमती टोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष छुरा एवं विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, राजू साहू भाजयुमो उपाध्यक्ष, मनीष हरित अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, पन्नालाल ध्रुव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पंकज निर्मलकर, युवा भाजपा नेता संदीप पांडेय, मंडल अध्यक्ष भाजपा पांडुका प्रकाश सिन्हा महामंत्री भाजपा, रमन नामदेव, सोमन यदु , मुकेश साहू, कोमल गिरी गोस्वामी, धरम गोस्वामी, समीर शुक्ल, हितेश निषाद, भगत सिन्हा, चेतन सिन्हा, एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विशेष ग्रामसभा का किया आयोजन और मितानिनों का किया सम्मान

## सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

ग्राम पंचायत में 19 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा सम्मेलन स्थान ग्राम पंचायत भवन में अपरान्ह 3 बजे से प्रारंभ किया गया। सभा का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना ग्राम सभा के अध्यक्ष रामायण ठाकुर, सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उप-सरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, कमलेश्वर नायक, सचिव भुनेश्वर ध्रुव ने किया।

ग्राम पंचायत के सचिव भुनेश्वर ध्रुव द्वारा विशेष ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात शासन से प्राप्त एजेंडे पर बिदुवार चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से आने वाले 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाने के बारे में और 8 जनवरी को भारत संकल्प यात्रा रसेला में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक समाज भवन हनुमान मंदिर में आयोजित होगा इसके बारे विस्तार से बताया गया। साथ ही साथ कहा कि उज्जवल योजना जिस किसी को नहीं मिल है या अन्य मांग करना चाहते हैं तो आप पंचायत में आवेदन कर सकते हैं या शिविर में दे सकते हैं।



सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इसी कड़ी में मितानिनों को श्री फल व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। उप-सरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर, गर्भवती, शिशुवती महिलाओं की देखरेख करना अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषक आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। उपस्थित सभी सदस्यों ने मितानिन बहनों कार्यों की प्रशंसा की।

**ये रहे उपस्थित–** इस मौके पर मितानिन बिमला मानिकपुरी, सुशीला सिन्हा, तरूणा यादव,दुलम यादव,फुलबासन ठाकुर,दीप ठाकुर,बिसवासा ध्रुव,बैसाखिन बाई कमार,देवबत्ती मार्कंडेय, एमटी जाफरीन बेगम, पंच भुनेश्वर मरकाम, कैलाश यादव, अश्मीन सेन, सुमित्रा सोरी, धनमोतिन बाई ठाकुर,नेमीन यादव, सरिता ठाकुर, ग्रामीण जन नारद कमार,अशवत सेन,धनी यादव, टंकेश्वर कोमर्रा, सगुन दास,मानसिग यादव,डोमन ध्रुव, भुजबल नायक, सोमनाथ नागेश, खेमचंद जगत सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

**नया सवेरा :** समाज के युवा एवं बच्चे हो रहे नशे के शिकार,रक्षा समिति का किया जायेगा गठन

# नशे के खिलाफ पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, अवैध व्यापार पर लगाई जाएगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल के मार्गदर्शन में नशे के विरूद्ध संगठीत एवं प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान समय में नशा के जाल में लगातार लोग फसते जा रहे है। समाज के युवा एवं बच्चे जो तेजी से नशे के शिकार हो रहे है। इस तेजी से फैल रहे बीमारी रूपी नशे को खत्म करने के लिए गरियाबंद पुलिस ले कर आ रही है, एक विशेष अभियान जिसका नाम है ''नया सवेरा' । इस योजना का शुभारंभ गुरूवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य नशा पर प्रभावी एवं संगठित कार्यवाही करना है। प्रत्येक थाना क्षेत्र के अत्यधिक नशे से प्रभावित गांवों को चिन्हांकित कर वहां नशा के अवैध बिक्री को पूर्ण रूप से समाप्त करना। धीरे-धीरे इसका विस्तार पूरे जिले में किया जावेगा। गांव के लोगो को पुलिस के अभियान से जोड़ने हेतु गांव में महिलाओं और पुरूषों को संगठित कर प्रत्येक गांव में ग्राम रक्षा समिति का गठन किया जायेगा। इस समिति के द्वारा नशा के तस्करों एवं सप्लायरों का संगठात्मक विरोध किया जायेगा और विशेष अभियान चला कर पुलिस द्वारा रेड की कार्यवाही की जाएगी। नशे के विक्रकेताओं के खिलाफ सूचना देने हेतु एक मोबाइल नम्बर 6266956736जारी किया गया है। उक्त मोबाइल नम्बर पर सचूना देने वाले की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जावेगा। सूचना के आधार पर संबंधित थाने की टीम एवं सायबर सेल की टीम के द्वारा कार्यवाही किया जाएगा। कार्यवाही के साथ-साथ लोगों को नशे के जाल से बचाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।



### जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

गरियाबंद पुलिस का नशा मुक्ति में लगातार प्रसास जारी है। जिसके तहत गरियाबंद जिले के लगभग 10 गांवों को चिन्हांकित किया गया और वहां महिलाओं एवं पुरूषों की समिति बनाकर नशा के अवैध व्यापार पर नियंत्रण एवं नशे से दूर रहने हेतु समिति के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में ग्राम मालगांव थाना गरियाबंद, ग्राम लोहरसी, धुरसा थाना पाण्डुका, ग्राम जामगांव, सोरिद, भेन्ड्री थाना फिंगेश्वर, ग्राम खड़मा, मडेली, सेम्हरा, दुल्ला थाना छुरा को चिन्हांकित कर ग्राम रक्षा समिति का गठन किया गया है, साथ ही पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही भी किया जा रहा है। जागरूकाता कार्यक्रम के साथ ही गरियाबंद पुलिस द्वारा अवैध नशे के कार्यवाही में संलिप्त लोगों पर शिकंजा-कसने के बाद शराब एवं गांजा के अवैध तस्कों पर पुलिस द्वारा लगातार धर-पकड एवं रेड की कार्यवाही कर रही है।

### तस्कारी पर कर्रवाई, 38 आरोपियों को भेजा गया जेल

विगत लगभग तीन माह में गरियाबंद पुलिस द्वारा शराब के अवैध तस्कारी पर कार्यवाही करते हुए कुल 251 प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं लगभग 861 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया। 251 आरोपियो को जेल भेजा गया है। गांजा तस्करी में लगतार कार्यवाही करते हुए लगभग 04 क्विंटल 02 किलो ग्राम गांजा जप्त। इस मामले में कुल 38 आरोपियों को जेल भेजा गया। इस प्रकार विभिन्न प्रकरणों में संलिप्त कुल-300 आरोपियों को जेल भेजा गया है। इस प्रकार पुलिस के प्रयास से धीरे-धीरे नशा के अवैध व्यापार में कमी आई है। अब इसी प्रयास को और प्रभावी एवं लोगों को और संगठीत करते हुए नशा के अवैध व्यापार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं नशा के दुस्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु गरियाबंद पुलिस इस नया अभियान ''नया सवेरा'' की शुरूआत कर रही है। गरियाबंद पुलिस द्वारा चिन्हांकित गांवों की संख्या को धीरे-धीरे बढ़ा कर पुरे जिले में लोगों की समिति बनाकर और पुलिस की कार्यवाही को और प्रभावी एवं संगठीत कर जिले में नशे के हो रही अवैध व्यापार को रोक लगायी जायेगी।

# अपर कलेक्टर भोई ने नवोदय परीक्षा तैयारी के लिए आयोजित मॉकटेस्ट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने गुरुवार को अतरमरा संकुल के रजनकटा में संकुल स्तरीय नवोदय प्रवेश परीक्षा के मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया। अतरमरा संकुल के शासकीय प्राथमिक शाला रजनकटा में संकुल स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का माँक टेस्ट आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर गरियाबंद अविनाश भोई द्वारा मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया गया। साथ ही आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए कहा कि पूरे गरियाबंद जिले के सभी विकासखण्डों इस प्रकार का आयोजन किया जाए। शिक्षकों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत इस वर्ष नवोदय में शासकीय स्कूलों से अधिकाधिक बच्चो के प्रवेश का लक्ष्य रखा गया है। सभी स्कूलों में प्रतिदिन एक कालखंड में तैयारी हो, शनिवार को सिलेक्टेड बच्चों को संकुल में लाकर मॉक टेस्ट आयोजित किया जाए, पेपर चेक कर प्राप्तांक के आधार पर वर्गवार टॉप 10 लिस्ट बनाकर अधिकाधिक अभ्यास करवाया जाए। उत्कृष्ट के नोडल अधिकारी मनोज केला ने बताया कि उत्कृष्ट गरियाबंद' के अन्तर्गत कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देश पर जिले के सभी संकूलो एवं स्कूलों को इस बाबत दिशा निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत विगत वर्षो के प्रश्नपत्र के आधार पर प्रिंटेड प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट के जरिए अधिकाधिक मॉक टेस्ट से अभ्यास कराया जाना है। संकुल केन्द्र अतरमरा के सभी शालाओं मे नवोदय परीक्षा के लिए कोचिंग क्लास संकुल प्राचार्य बी.देवाँगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा तथा शिक्षक माणिक साहू के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया है।

# सीजीटीपीएल क्रिकेट स्पर्धा में परसदा खड़मा रसेला ने एक-एक व छुरा ने जीते दो मैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

शासकीय शिक्षक प्रीमियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी पूल बी के पांच टीमों के बीच पांच मैच खेला गया। जिसमें परसदा खड़मा रसेला ने एक एक व छुरा ने दो मैच जीता। नागिनबाहरा अपने दोनों मैच हार गई आज के मैच का शुभारंभ प्रशिक्षु डीएसपी व थाना प्रभारी छुरा प्रवीण भारती द्वारा टास कर किया गया। मिनी स्टेडियम छुरा में चल रहे इस प्रतियोगिता का प्रथम मैच छुरा पैंथर्स व नागिनबाहरा स्टार इलेवन के मध्य खेला गया। जिसे छुरा पैंथर्स ने 34 रन से जीता ऑफ द मैच ईश्वर सेन रहे। दूसरा मैच परसदा साइक्लोन व खड़मा नाइट राइडर्स के बीच खेला गया, जिसे परसदा ने 8 विकेट से जीता मैन ऑफ द मैच यूनूस खान रहे। तीसरा मैच छुरा पैंथर्स व मलेवा टाइगर्स रसेला के बीच खेला गया। जिसे छुरा पैंथर्स ने 11 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच उमेश ढीढी रहे चौथा मैच खड़मा नाइट राइडर्स व नागिनबाहरा स्टार इलेवन के बीच खेला गया। जिसे खड़मा 4 विकेट से जीता। नागिनबाहर ने 8 ओवर में 70/3रन बनाये। जिसे खड़मा 71/6 रन बनाकर जीता मैन ऑफ द मैच रामेश्वर ध्रुव रहे। अंतिम मैच परसदा साइक्लोन और मलेवा टाइगर्स रसेला के बीच खेला गया। जिसे रसेला 24 रन से जीता मैन ऑफ द मैच संजीत रहे। स्कोरर व अम्पायर के रुप में राजकुमार लहरे, पंकज साहू, राजू साहू, भूपेंद्र ध्रुव, पंकज साहू पीटीआई कमलसिंह दीवान, सौरभ परिहार, रामेश्वर ध्रुव व झामेश्वर ने व रनिंग कमेंट्री में यादराम साहू, पूनम चंद्राकर ने सहयोग किया। प्रतियोगिता में प्रदीप मिश्रा प्राचार्य सेजेस, टंकेश्वर मरकाम, हीरालाल साहू, शीतल ध्रुव यशवंत सिन्हा आदि उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए संध्या साहू रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

राजस्थान के बीकानेर में 25-30 दिसंबर तक आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली भारोत्तोलन खिलाड़ी कुमारी संध्या साहू कक्षा 12 वीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा की छात्रा को शाला परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ देकर खुशी खुशी रवानगी एवं जीत की अग्रिम बधाई शुभकामनाएं दी गई। विदित हो कि कुमारी संध्या साहू 45 किग्रा भार वर्ग में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को चुनौती देंगी। उन्हे सेवानिवृत्त पीटीआई प्रमोद सिंह ठाकुर प्रशिक्षण साथ ही उन्हे गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ का संरक्षण मिलने से यह उपलब्धि प्राप्त हुई। रवानगी अवसर पर आज विद्यालय में प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू, भूपत कन्नौजे लॉरेंस महिलागे युवराज कंवर, डोमेश्वर ध्रुव, पीटीआई नागेंद्र कुमार, मोहन ध्रुव, सीमा सिंह, रेखा प्रदान, चंद्रावती सिंहा, वंदना देवांगन, नेहा जायसवाल, मधुबाला साहू शिक्षक गण वेटलिफ्टिंग संघ के जिलाध्यक्ष यशवंत यादव, समाजसेवी शीतल ध्रुव आदि उपस्थित रहे। अग्रिम शुभकामना प्रेषित करने वालों में थानसिंह निषाद जन सेवक, नरेंद्र पटेल, इमरान मेमन कान्ट्रेक्टर, आरके ध्रुव अतिरिक्त सीईओ, लेखराज धुर्वा अध्यक्ष सरपंच संघ ब्लॉक छुरा, सज्जन शर्मा व्यावसायी, हीरालाल साहू सचिव जिलाभारोसंघ, भोलेशंकर जायसवाल, विनोद देवांगन, रेवेन्द्र दीक्षित, देवनारायण यदु, शिव ठाकुर, राजकुमार लहरे, राजेश्वरी ठाकुर, रुपनाथ बंजारे जिलाध्यक्ष छग मजदूर संघ, पुनीत ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष इंटक ,मिथलेश सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, टंकेश्वर मरकाम, यूनूस खान, विमल पुरोहित, प्रदीप गुप्ता व्यवसायी, नरसिंग दिनेश कोठारी आदि प्रमुख हैं।



# खेलो मास्टर गेम फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिक्षकों ने जीते मेडल



**पाण्डुका।** नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज तैराकी की प्रतियोगिता जो 15 से 17 दिसंबर तक तालकटोरा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित था। गरियाबंद के तीन शिक्षकों ने तैराकी में खेलने गए साथ में खेलो इंडिया मास्टर गेम्स फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेलों में भाग लेने का मौका मिला। यह आयोजन अक्षरधाम में खेल गांव के अंतरास्ट्रीय एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित था। जिसमें गरियाबंद जिले के तीनों शिक्षकों ने 6 मेडल प्राप्त किया जो इस प्रकार से हैं। हरिश्चंद्र निषाद व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने कौंदकेरा ने 10000 और 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त की है। और 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त की है। जागेश्वर ध्रुव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंक्तिया ने 5000 मीटर दौड़ में रजत और 800 मीटर दौड़ में गोल्ड पदक प्राप्त की। कैलाश कुमार साहू व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलकर्रा ने 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किये। शिक्षकों के इस उपलब्धि पर शिक्षकों की स्टाफ परिवार और व्यायाम शिक्षक पीटीआई संघ गरियाबंद ने शुभकामनाएं दी।







### गौरी पूजा और भागवत स्थापना के साथ हुई कथा प्रारंभ



**फिंगेश्वर।** ग्राम चौतरा में 21 दिसंबर से 29 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक भागवतचार्य पंडित दिलीप कुमार त्रिपाठी बाम्हनडीह कोमाखान वाले के द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिन गौरी पूजा भागवत स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ। कथा के आयोजक कर्ता बिसरू राम साहू, पुत्र नरेंद्र कुमार साहू, श्रीमती चित्ररेखा, खुमन साहू,श्रीमती जागेश्वरी साहू शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने जिसके कार्यक्रम के मंच संचालक जागेश्वर साहू और सभी ग्रामवासी अपना योगदान दे रहे हैं।

